Who's suggestions on beedis

2351. SHRI MENTAY PADMANABHAM: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether any financial help has been sought from W.H.O. to rehabilitate becdi workers;

(b) •whether it is a fact WHO has suggested putting restrictions on advertising and publicity of beedi's;

(c) if so, the details thereof; and

(d) if not, whether no restriction will be placed on beedi products?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) No, Sir.

(b) to (d) WHO have been coruis-tently recommending curb on consumption of all tobacco products.

कुष्ठ रोग संबंधी आंकड़े

2352. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में कुल कितने कुष्ठ-उन्मूलन केन्द्र हैं तथा इनका क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) वर्ष 1992-93 और वर्ष 1993-94 के लिए मंजूर की गई कुल सहायता का ब्यौरा क्या है ;

(ग) कितने रोगियों को नि:शुल्क दवा दी गई और कितने रोगियों को बाजार से दवा खरीदने के लिए कहा गया ;

(घ) इनका श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) कितने रोगियों का उपचार किया जा चुका है और कितने रोगी अभी भी वहां भर्ती हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानंद) : (क) उत्तर प्रदेश राज्य में 1303 केन्द्र कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र-वार ब्यौरे उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) 1992-93 और 1993-94 में इस राज्य को निम्नलिखित केन्द्रीय सहायता प्रदान की गई थी :—

वर्ष	(लाख रुपयों में)
1992-93	668.84
1993-94 (1/94)	399.40

(ग) और (घ) सभी रोगियों को औषधियां नि:शुल्क प्रदान की गई।

(ङ) 1992-93 और 1993-94 के दौरान पता लगाए गए नये रोगियों और अस्पताल से छुट्टी दिए गए रोगियों की संख्या इस प्रकार है :—

वर्ष	पता लगाए गए रोगियों की संख्या	अस्पताल से छुट्टी दिए गए रोगियों की संख्या
1992-93	57764	137268
1993-94 (1/94)	39391	50940